




नवभारत
भोपाल, रविवार 29 मार्च 2026


# नशीले सिरप, 150 टैबलेट के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

## छतरपुर में सिविल लाइन पुलिस की नशा मुक्ति अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई

**छतरपुर, 28 मार्च.** छतरपुर नगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीले सिरप और टैबलेट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस ने सटई रोड स्थित मरघट के पास से कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 10 बोतल नशीला सिरप (करीब 1 लीटर) और 150 नशीली गोलियां बरामद की हैं, जिनकी कीमत लगभग 6000 रुपये बताई जा रही है. पुलिस के अनुसार, क्षेत्र भ्रमण के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची. पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया.

गिरफ्तार आरोपियों में दीपेंद्र सिंह उर्फ डीपी ठाकुर, अमन रावत और सुनील अवस्थी शामिल हैं, जबकि सौरभ जड़िया फरार है. मुख्य आरोपी दीपेंद्र सिंह पर हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, बलवा, चोरी, एनडीपीएस सहित 15 से अधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है, वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है.



# केन नदी में डूबने से चचेरी बहनों की मौत

- **विंध्यवासिनी देवी के दर्शन से पहले बुझ गए घर के दो चिराग**

**छतरपुर (गोयरा), 28 मार्च.** भक्ति और आस्था का सफर पल भर में मातम में बदल गया. महाराजपुर के फुलारी गांव से उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित विंध्यवासिनी देवी के दर्शन करने जा रहा एक परिवार रास्ते में ही बिखर गया.गोयरा थाना क्षेत्र के रामपुर पुल के नीचे केन नदी में नहाते समय दो चचेरी बहनों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई.

### हादसे की चीख-पुकार से गूंजा नदी का तट

जानकारी के मुताबिक, महाराजपुर के फुलारी गांव निवासी माया कुशवाहा (18) और उसकी चचेरी बहन रोशनी कुशवाहा (17) अपने चाचा और करीब 7-8 अन्य परिजनों के साथ टैक्सी से यूपी जा रही थीं.रास्ते में गर्मी और थकान मिटाने के लिए परिवार रामपुर पुल के नीचे केन नदी में नहाने के लिए रुका.नहाते समय दोनों बहनें अचानक गहरे पानी में चलीं गईं.



**खुशियों की जगह पसरा मातम**

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, लेकिन जब तक उन्हें बाहर निकाला गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी. घटना की सूचना मिलते ही गोयरा पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर दोनों युवतियों के शवों को बाहर निकाला .पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

# ब्रह्माकुमारीज दिव्य धाम में प्रभु राम का किया पूजन



**हरपालपुर, 28 मार्च.** रामनवमी के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज दिव्य धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चैतन्य स्वरूप की दिव्य एवं मनोहारी झांकी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से श्रीराम-जानकी की आरती उतारी श्रीराम एवं माता सीता के अलौकिक चैतन्य स्वरूप के दर्शन कर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि श्रीराम का जीवन मर्यादा, सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और उच्च संस्कारों का अनुपम उदाहरण है, उन्होंनेआह्वान किया कि यदि हम श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं.

# परीक्षा परिणाम के तनाव में छात्रा ने की आत्महत्या

## तीन विषयों में फेल होने पर उठाया आत्मघाती कदम

**छतरपुर, 28.** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ परीक्षा में असफल होने के गम में एक 14 वर्षीय छात्रा ने मौत को गले लगा लिया. इस घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है.

### परिणाम देखते ही गुमसुम हो गई थी छात्रा

मृतका के भाई रामदास अहिरवार ने बताया कि गुरुवार को कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था. परिणाम में छात्रा तीन विषयों में अनुत्तीर्ण (फेल) हो गई थी. अपनी असफलता को छात्रा सहन नहीं कर पाई और परिणाम देखने के बाद से ही वह काफी परेशान और गुमसुम रहने लगी थी. जब घर के अन्य सदस्य अपने कामों में व्यस्त थे और छात्रा घर में अकेली थी, तब उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली.



### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे आनन-फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुँचे. लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी; डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

ईशानगर थाना पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला परीक्षा परिणाम से आहत होकर तनाव में उठाए गए कदम का लग रहा है. पुलिस अब परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के अन्य पहलुओं को समझा जा सके.

# पुल पर ट्रक खराब, रातभर जाम में फंसे रहे सैकड़ों वाहन

- **लवकुशनगर-छतरपुर मार्ग ठप, घंटों तक यात्री परेशान; प्रशासन की सुस्ती पर उठे सवाल**

**छतरपुर, 28 मार्च.** छतरपुर जिले में लवकुशनगर को छतरपुर और खजुराहो से जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर शुक्रवार देर रात बड़ा यातायात संकट खड़ा हो गया. उर्मिल नदी पर सिंहपुर गांव के पास बने संकरे पुल पर एक ट्रक अचानक खराब होकर बीच रास्ते में फंस गया, जिससे रात करीब 1 बजे से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया.शनिवार तक भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी.



जानकारी के अनुसार, तकनीकी खराबी के चलते ट्रक पुल के बीचों-बीच बंद हो गया. पुल संकरा होने के कारण अन्य वाहनों के निकलने की कोई गुंजाइश नहीं बची और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.रातभर बसों, ट्रकों, निजी वाहनों यहां तक कि एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रहीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# जलते खेत में कूदकर बुझाई आग

## मंत्री दिलीप अहिरवार ने दिखाई इंसानियत और बहादुरी

- **महिला की पुकार सुन रुकवाया काफिला, कार्यकर्ताओं संग टाली बड़ी अनहोनी**

**छतरपुर, 28 मार्च.** छतरपुर जिले में मध्य प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार का मानवीय और साहसी चेहरा सामने आया है। चंदला विधानसभा क्षेत्र के धावा तिगैला के पास एक किसान के खेत में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

उसी दौरान मंत्री दिलीप अहिरवार एक कार्यक्रम से लौट रहे थे. रास्ते में उन्होंने सड़क किनारे एक महिला को मदद के लिए चिल्लाते देखा. हालात को समझते ही उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और बिना किसी देरी के खुद खेत में उतर गए.मंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पेड़ की झाड़ियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया.उनकी तत्परता और सक्रियता से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया.



घटना के बाद मंत्री ने पीड़ित महिला को ढांढस बंधाया और फसल के नुकसान के लिए उचित मुआवजे का आश्वासन दिया. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. लोग मंत्री के इस कदम की सराहना कर रहे हैं और इसे एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का बेहतरीन उदाहरण बता रहे हैं.

# रामजन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

- **धूमधाम से मनाई चैत्र नवरात्रि, रामनवमी**

**हरपालपुर, 28 मार्च. नगर में चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमीं का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया, सुबह से ही मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आदिकुमारी बड़ी माता व नारायण आश्रम छोटी कुटी पर विधि - विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना कर घर की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना कर अपना उपवास खोला.**

श्री राम सेवा समिति और खटिकयाना मुहाल की बड़ी महाकाली बाल रामनवमीं उत्सव समिति द्वारा रामनवमीं पर परंपरागत शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए घोड़े डीजे बैंड - बाजे के बीच स्थानीय नारायण आश्रम छोटी कुटी से सायंकाल 4 बजे प्रारंभ हुई. भव्य शोभायात्रा में स्थानीय लोगों के साथ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए . शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, लोगों ने शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया , देवभूमि बरिया धाम पहुंचकर शोभायात्रा सम्पन्न हुई, नौ दिन तक चलने वाले आस्था और शक्ति की भक्ति के पर्व चैत्र नवरात्रि पर हवन पूजन कर जवारे विसर्जन के बाद माँ की आराधना के पर्व का समापन हो गया, इस आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रही .

# ललिता यादव ने सुनीं जनता की समस्याएं

- **विधायक ने समाधान का दिया भरोसा**

**अपने निवास पर की जनसुनवाई**

**छतरपुर, 28 मार्च. क्षेत्रीय विधायक ललिता यादव ने अपने निवास पर जनसुनवाई करते हुए आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे, जिनमें बिजली, पानी, सड़क और राजस्व से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए.**

विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया.



जनसुनवाई के दौरान विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी के बल पर वे क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही हैं. उन्होंने लोगों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को गंभीरता से सुना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया.

ललिता यादव ने कहा कि जनसेवा ही उनका संकल्प है और वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं बेझिझक सामने रखें, ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके.

# चुरयारी पंचायत में सीसी रोड घोटाला

**छतरपुर,28 मार्च.** गौरीहार जनपद पंचायत के अंतर्गत चुरयारी ग्राम में पांचवें राज्य वित्त आयोग से लगभग 5 लाख रुपये की लागत से बने सीसी रोड निर्माण में गंभीर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है. हरिजन बस्ती से हनुमान मंदिर तक बनाए गए इस सड़क कार्य की गुणवत्ता पर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं.

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में भारी लापरवाही बरती गई. सीमेंट की मात्रा कम करने के लिए डस्ट का अत्यधिक उपयोग किया गया, जिससे सड़क बनते ही उखड़ने लगी. कुछ ही दिनों में सड़क की सतह पर मटेरियल और रेत-कंक्रीट दिखाई देने लगी. निर्माण में वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया गया. इधर, गौरीहार जनपद के एसडीओ मधू प्रजापति ने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कराने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

# तीन स्कूलों में ताला, शिक्षक गायब

**चंदला, 28 मार्च.** सरवई संकुल के तीन सरकारी स्कूलों में लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है. शासकीय प्राथमिक शाला हाजीपुर, प्राथमिक शाला बछेराखेड़ा और शासकीय प्राथमिक शाला महुआकछार में निरीक्षण के दौरान स्कूलों के मुख्य द्वार पर ताला लटका मिला और कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं था.ग्रामीणों और छात्रों का कहना है कि परीक्षा समाप्त होने के बाद से ही शिक्षकों की उपस्थिति अनियमित हो गई है. कई शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते और निर्धारित समय से पहले ही विद्यालय छोड़ देते हैं. कुछ स्कूलों में बिना सूचना के बंद कर दिए जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है..

# चाचा नाबालिग भतीजी को भगा ले गया

**छतरपुर, 28 मार्च.** खजुराहो के राजनगर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां रिश्तों को शर्मसार करते हुए एक चाचा अपनी ही नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया. घटना 27 मार्च की रात की बताई जा रही है, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया.

- **मोबाइल पर देता था धमकी, परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की तलाश**

पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी उनकी बेटी को अपने झांसे में लेकर भगा ले गया. वहीं पीड़िता की मां का आरोप है कि आरोपी पहले से ही मोबाइल पर लड़की को धमकाता था और परिवार को जान से मारने की धमकी भी देता था. पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.अधिकारियों का कहना है कि आरोपी और नाबालिग की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही दोनों को बरामद कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# अंधे मोड़ पर आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो घायल

## ईशानगर के तड़पेर नदी के पास हादसा



- **एक गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर**

**छतरपुर, 28 मार्च.** छतरपुर जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे कुर्रा रोड पर तड़पेर नदी के पास स्थित अंधे मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई. बताया जा रहा है कि मोड़ पर दृश्यता कम होने के कारण दोनों बाइक सवार एक-दूसरे को समय पर नहीं देख सके, जिससे यह हादसा हो गया.

इस दुर्घटना में बिहारीलाल अहिरवार (38) गंभीर रूप से घायल हो गया. मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया. वहीं दूसरे घायल राजेंद्र विश्वकर्मा को हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है.

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की. पुलिस ने मौके का मुआयना कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है. इस घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा.

**उपलब्धि** — शिक्षा के क्षेत्र में छतरपुर जिले का बढ़ा मान

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में मिला तृतीय स्थान

- **उत्कृष्ट शिक्षक हुए सम्मानित, नवाचार से बदली शिक्षा की तस्वीर**

**छतरपुर, 28 मार्च.** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार पांडे रहे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया.





### नवाचार और अंग्रेजी ओलंपियाड में लहराया परचम

समारोह का मुख्य आकर्षण छतरपुर जिले द्वारा राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में हासिल किया गया तृतीय स्थान रहा.इस उपलब्धि पर जिले को मिली ट्रॉफी का प्रदर्शन किया गया, जो शिक्षकों की कड़ी मेहनत का प्रतीक है.' LeapForWord' संस्था द्वारा संचालित 'निहार शांति पाठशाला फनवाला' के अंतर्गत पंकज सेन, ऋतु सिंह, खुशी जैन, वंदना प्रजापति और अजय दीक्षित सहित कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया.

**प्रेरणादायक यात्रा और सम्मान**

शिक्षक पंकज सेन ने इस अवसर पर अपनी शिक्षण यात्रा साझा करते हुए बताया कि कैसे नवाचार के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सकती है .यह पूरा आयोजन Marico Ltd . की ष्टस्त्रपहल के तहत आयोजित किया गया था . कार्यक्रम में डीआईटी प्राचार्य आर .के . वर्मा, एपीसी अकादमिक नीरज खरे और LeapForWord संस्था के शोएब शेख व पायल लांजेकर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे .

### नवाचार में बारीगढ़ और नौगांव अव्वल

ओबीसीडी नवाचार कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ब्लॉकों और क्लस्टरों को पुरस्कृत किया गया.इसमें बारीगढ़ ब्लॉक से बीआरसीसी रामहित व्यास और नौगांव ब्लॉक से एस.के. निरंजन ने अपनी टीम की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए.साथ ही ।।स्स बॉयज बारीगढ़ और एचएस निवाड़ी (बक्सवाहा) क्लस्टरों को भी शानदार प्रदर्शन के लिए सराहा गया.